देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 03.11.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट आज भैया दूज के पावन पर्व पर शीतकाल के लिए बंद किए गए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है।
- हरिद्वार के चंडी घाट स्थित नमामि गंगे घाट पर कल भव्य गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसरों के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्तियां करने के निर्देश दिए।
- और... भाई दूज का त्यौहार आज उमंग और उत्साह से मनाया गया।

------------

**केदारनाथ कपाट**

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज भैया दूज के पावन पर्व पर भारतीय सेना की बैंड धुनों और वैदिक मंत्रों के साथ विधि–विधान के अनुसार शीतकाल के लिए बंद किए गए। इस मौके पर 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस यात्रा काल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम की यात्रा की। कपाटबंदी के लिए मंदिर को दीपावली पर लगभग 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया था।

**यमुनोत्री कपाट**

उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट आज भैया दूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के बाद विधि–विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिये गए है। इस

वर्ष सात लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए। आकाशवाणी से बातचीत में तीर्थ पुरोहित सुरेश उनियाल ने बताया कि अपराह्न 12 बजकर 5 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए गये। उन्होंने बताया कि शीतकाल में श्रद्धालु मां यमुना जी के दर्शन व पूजा–अर्चना शीतकालीन प्रवास खरसाली स्थित यमुना मंदिर में कर सकेगें।

गौरतलब है कि गंगोत्री धाम के कपाट कल अन्नकूट के पावन पर्व पर शीतकाल के लिए बंद किए गये। पुलिस सुरक्षा के बीच मां गंगा की डोली ढोल–दमाऊ, आर्मी बैंड और माँ गंगा के जय–जयकारों के साथ गंगोत्री से मुखबा गांव के लिए रवाना हुई। आज मां गंगा की उत्सव डोली भैयादूज के पर्व पर अपने मायके मुखवा पहुंच गयी है। शीतकाल में श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन और पूजा–अर्चना गंगा जी के शीतकालीन प्रवास मुखबा स्थित गंगा मंदिर में कर सकेंगें। इस वर्ष 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगोत्री धाम में माँ गंगा के दर्शन किये।

**टीबी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। देश की प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामूहिक भावना के माध्यम से सरकार टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता में दृढ़ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 2015 से 2023 तक टीबी के मामलों में 17 दशमलव 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर वैश्विक गिरावट 8 दशमलव 3 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है।

कल सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि टीबी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार ने टीबी रोगियों को आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करने के लिए  नि–क्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहल करके राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया है।

## गंगा उत्सव

हरिद्वार के चंडी घाट स्थित नमामि गंगे घाट पर कल भव्य गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। गंगा संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय गंगा मिशन इस महोत्सव का आयोजन कर रहा है। साथ ही गंगा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को लोगों तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता बढ़ाना है। ये जानकारी देते हुए नमामि गंगे मिशन के उपमहानिदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहली बार इस उत्सव का आयोजन गंगा के तट पर किया जा रहा है।

महोत्सव में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी और मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी भी शामिल होंगे। गौरतलब है कि यह गंगा उत्सव का आठवां संस्करण है। हरिद्वार में मुख्य उत्सव के साथ यह उत्सव उत्तरकाशी सहित गंगा तटीय 139 स्थान पर भी मनाया जाएगा।

## उच्च शिक्षा विभाग

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसरों के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्तियां करने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डॉ. रावत ने महाविद्यालयों में छात्रों के लिए 180 दिन की पढ़ाई, पुस्तकालय की सुविधा और निर्माणाधीन कार्यों को जल्द पूरा करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आगामी 21 नवंबर को उच्च शिक्षा परिषद की बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

## भाई दूज

भाई दूज का त्यौहार आज उमंग और उत्साह से मनाया गया। दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाने वाला यह पर्व पांच दिवसीय उत्सव के अंत का प्रतीक है। इसे देश के विभिन्न

हिस्सों में अलग–अलग नाम से जाना जाता है, जैसे भाई फोटा, भाऊबीज, भाई टीका या यम द्वितीया।

इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाती हैं और उनकी और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने कामना की कि प्रेम, समर्पण और भक्ति का यह पर्व सभी के जीवन में उत्साह, उमंग, सुख, और समृद्धि लेकर आए।

वहीं, उत्तरकाशी और बागेश्वर जिले में भाई दूज का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

## विशेष रेलगाड़ियां

छठ और अन्य त्यौहारों के अवसर पर रेलवे विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। छठ पूजा के लिए 145 अतिरिक्त रेलगाडियां इस महीने की दो से आठ तारीख तक चलाई जा रही हैं। इस प्रकार प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्रियों के लिए रेल यात्रा सुगम बनाई जा रही है। रेलवे ने त्योहारों के दौरान एक अक्तूबर से तीस नवम्बर के बीच लगभग सात हजार विशेष रेलगाडियों की व्यवस्था की है।

दक्षिण–मध्य रेलवे इस वर्ष यात्रियों की सुविधा के लिए आठ सौ 60 विशेष रेलगाडी चला रहा है। इस क्षेत्र में आज कुल 33 विशेष गाडियां चल रही हैं। ये विशेष गाडियां तिरूपति, काचीगुडा, काकीनाडा, हैदराबाद, सिकंदराबाद, विशाखापत्तनम, गोरखपुर, बेंगलुरु और पटना के अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर चलाई जा रही हैं।

## रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के आत्मनिर्भर अभियान के अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो रहे हैं और वर्ष 2029–30 तक देश का रक्षा निर्यात 50 हज़ार करोड़ रुपये तक पहुंचने की सम्भावना है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– कानपुर के 65वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित

भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्षमता को विकसित करने का आह्वान किया।

**स्टार्टअप**

भारतीय नवाचारों, स्टार्टअप ने मौजूदा वर्ष के पहले 10 महीनों में 12 दशमलव 2 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। यह राशि वर्ष 2023 में जुटाई गई कुल राशि से भी अधिक है। स्वदेशी नवाचारों ने अक्टूबर महीने में एक बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया है।